प्रेस नोट दिनांक 23.07.2024

थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़

थाना कुण्डा पुलिस ने डकैती से संबंधित 01 और अभियुक्त को किया गिरफ्तार, पूर्व में 02 अभियुक्तों व 01 अभियुक्ता की गिरफ्तारी की जा चुकी है-

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

अभियुक्त लालजी यादव ग्राम ग्यासपुर में डकैती जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त था

अभियुक्त लालजी यादव को कुण्डा बिहार रोड़ दुखी चौराहा बाबूगंज के पास से किया गया गिरफ्तार

अभियुक्त लालजी यादव के कब्जे से उक्त अभियोग से संबंधित घटना के 1500/- रुपये बरामद

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 06.07.2024 की रात्रि थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ग्यासपुर में वादी छोटेलाल गौतम पुत्र शिवबालक गौतम निवासी ग्यासपुर थाना कुण्डा, प्रतापगढ़ के घर में कुछ अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर वहां पर रखा शर्ट से 3000/- रुपये एवं मोबाइल तथा पेटी में रखे कपड़े गेहूं- चावल की बोरी चोरी करके ले जाने लगे उसी समय आवाज आने पर नींद खुल गई, शोर मचाने एवं विरोध करने पर वादी के बेटा, बेटियों को लकड़ी, सरिया से मारना पीटना एवं मार पीट कर फायर करके दहशत फैलाते हुए भाग जाना, उनके द्वारा फायर करते समय वादी के बेटी के पैर में गोली लग जाने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 191/2024 धारा 310(2)/311/317(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, प्रतापगढ़ संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत कुमार सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कुण्डा सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 गिरीशधर दुबे मय हमराह का0 सुशील पटेल, का0 मनीष राय द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान दिनांक 23.07.2024 को मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 191/2024 धारा 310(2)/311/317(3) बीएनएस थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त लालजी यादव पुत्र

स्व0 राम दुलारे यादव निवासी मानस का पुरवा भदरी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कुण्डा के कुण्डा बिहार रोड़ दुखी चौराहा बाबूगंज के पास से गिरफ्तार किया गया ।

उक्त प्रकरण के संबंध में पूर्व में दिनांक 11.07.2024 को 02 अभियुक्तो, 01. शुभम दुबे उम्र 24 वर्ष पुत्र कमलेश कुमार दुबे निवासी बन्तरी रैयापुर थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ 02. चण्डिका प्रसाद शुक्ला उम्र 26 वर्ष पुत्र स्व0 ज्ञान चन्द्र शुकला निवासी तिलौरी पूरे शुक्लान कस्बा व थाना कुण्डा प्रतापगढ़ व दिनांक 18.07.2024 को अभियुक्ता *नीलम पाण्डेय पत्नी स्व0 सुनील पाण्डेय पुत्री स्व0 अम्बिका प्रसाद पाण्डेय उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम जमलामऊ थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ हालपता दशवत का पुरवा थाना नबाबगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

पूछ्ताछ का विवरण- अभियुक्त लालजी यादव से बरामद 1500/- रुपये के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि ग्राम गयासपुर की लूटपाट में मेरे हिस्से में 2000 हजार रुपया मिला था। जिसमें से 500 रुपया खर्च हो गया है तथा 1500 रुपया बचा है, यह रुपया उसी घटना का है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

लालजी यादव पुत्र स्व0 राम दुलारे यादव निवासी मानस का पुरवा भदरी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी-

उक्त मुकदमे से संबंधित कुल 1500/- रूपये नगद बरामद ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

उ0नि0 गिरीशधर दुबे मय हमराह का0 सुशील पटेल, का0 मनीष राय थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ ।

थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

वादिनी मुकदमा की पुत्री को आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण करने व विश्वाशघात करने व गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग में 01 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना फतनपुर पुलिस टीम द्वारा वादिनी मुकदमा की सूचना पर अभियुक्त को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया

घटना का विवरण-

आरोपी द्वारा वादिनी मुकदमा की पुत्री को उसके घर से बहला फुसलाकर घर से अपहरण करने और खोजने के नाम पर पैसा लेना आरोपी द्वारा वादिनी को गाली गलौज करने एवं धमकी देने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 26.05.2023 को मु0अ0सं0 100/23 धारा 363, 366क, 406, 504, 506 भादवि बनाम 01 अभियुक्त नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री डॉ अनिल कुमार के निर्देशन में थाना फतनपुर के उ0नि0 श्री शेषनाथ यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व अपहृता/पीड़िता की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान, मु0अ0सं0 100/23 धारा 363, 366क, 406, 504, 506 भादवि से संबंधित वादिनी मुकदमा की सूचना पर 01 वांछित अभियुक्त, 1- महेश सोनी पुत्र स्व0 शीतला प्रसाद सोनी नि0ग्राम सोनाही थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 23.07.2024 को अभियुक्त के घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- महेश सोनी पुत्र स्व0 शीतला प्रसाद सोनी नि0ग्राम सोनाही थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तारी पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 श्री शेषनाथ यादव मय हमराह का0 दशरथ पटेल, का0 ओमप्रकाश पाल थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ ।

थाना जेठवारा पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार के निर्देशन में थाना जेठवारा के उ0नि0 राजीव वर्मा मय हमराह का0 नीरज कुमार, का0 आशुतोष चौबे द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0नं0 954/2009

धारा  323, 504, 506, 325 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त 01. सुलेमान पुत्र दोस्त मोहम्मद नि0ग्राम सबलगढ़ डेरवा थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ व वाद संख्या 1040/22 धारा 128 जा0 फौ0 से संबंधित वारण्टी अभियुक्त मो0 इरफान पुत्र असगर अली नि0ग्राम कुटलिया मजरे महियामऊ थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्तों का विवरण-

01- सुलेमान पुत्र दोस्त मोहम्मद नि0ग्राम सबलगढ़ डेरवा थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ।

02- मो0 इरफान पुत्र असगर अली नि0ग्राम कुटलिया मजरे महियामऊ थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़

पुलिस टीम-

उ0नि0 राजीव वर्मा मय हमराह का0 नीरज कुमार, का0 आशुतोष चौबे थाना जेठवारा , जनपद प्रतापगढ़ ।